समाचार

# साकेत में मनाया गया सदभावना दिवस



कोरबा 20 अगस्त 2020 —पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी के जन्मदिवस को आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य कार्यालय साकेत भवन में सदभावना दिवस के रूप में मनाया गया, इस अवसर पर प्रातः 11 बजे साकेत परिसर में अधिकारी कर्मचारियों ने कोविड—19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए सदभावना की शपथ ली। अधिकारी कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म या भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करेंगे तथा हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद को बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुझायेंगे।